Regarding need for direct Train service, construction of underpass

श्री धर्मबीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : महोदय, मेरा क्षेत्र एनसीआर में आता है। रेल यहां से सारी निकलती हैं। रेलवे के पास बजट के हिसाब से पैसा है। हमारे यहां कुछ दिक्कतें हैं, जैसे मिर्जापुर बाछोद में वर्ष 1960 से रेल का ठहराव था। लेकिन ब्रॉड गैज बनने के बाद हमें दो किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इसलिए वहां ठहराव किया जाए। पांच गांवों की पंचायत है, नांवा, डिगरोता, बारडा वगैरह, वहां खंभा नंबर-149 के ऊपर एक आम रास्ता है, वहां एक अंडरपास या आरओबी बनाया जाए। इसी प्रकार से अटेली स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 पर जाने के लिए एफओबी है, उस पर बुजुर्ग लोग नहीं चढ़ सकते हैं। इसलिए वहां नीचे आरवीबी बनाया जाए। महेन्द्रगढ़ के गांव सीसोठ से कुरहावटा के बीच रेलवे लाइन पर अंडरपास बनाने की बहुत पुरानी मांग है। वहां अंडरपास बनाया जाए। इसी प्रकार से जवाहर नगर के अलावा और कई गांव पड़ते हैं जिसका पोल नंबर 160/9 = 950 से 161/0 रेलवे लाइन पर अंडरपास बनाने के लिए स्टेट गवर्नमेंट पैसा देने के लिए तैयार है, सिर्फ रेलवे विभाग मंजूरी दे दे। इसी प्रकार फरटीया भीमा, आजमपुर कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां आरओबी या अंडरपास की आवश्यकता है। इसके अलावा कुछ एक्सप्रैस ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता है, जिनमें सतनाल पर 22471/72 और 19701/02, महेंद्रगढ़ स्टेशन पर 12323/24 और इसी प्रकार से अटेली पर 12065/66, कनीना के पास 22421/22 और डहिना के ऊपर 19701/02 और 14713/141। भिवानी से हावड़ा के लिए सीधी ट्रेन चलायी जाए। मैंने सुना है कि एक ट्रेन दिल्ली से चलेगी, वह रोहतक और महम होकर हिसार ले जाना चाहते हैं। मेरी मांग है कि एक ट्रेन सीधे हमारे भिवानी के लिए जरूर चले। इसी प्रकार से हरिद्वार के लिए गाड़ी 14717/18 को रोज़ाना चलाया जाए। भिवानी से अयोध्या के लिए भी एक गाड़ी चलायी जाए।